# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार







***रेडिसन ब्लू होटल में ठहरी हैं दोनों टीमें :*** *रांची में हो रहे चौथे टेस्ट के लिए भारत और इंग्लैंड की टीमें होटल रेडिसन ब्लू में ठहरी हैं. इसके लिए रेडिसन ब्लू होटल के पहले तल्ले से लेकर सातवें तक के 115 कमरे बुक किए गए हैं. खाने के मेन्यू से लेकर सुरक्षा व्यवस्था भी कर ली गई है. बुधवार व गुरुवार को दोनों टीम जेएससीए में प्रैक्टिस करेंगी. सुरक्षा व्यवस्था की चाक-चौबंद व्यवस्था की गई है.*

# स्टार खिलाड़ी पहुंचे, राजधानी क्रिकेटमय

## पहुंची भारत-इंग्लैंड की टीमें, झलक पाने को बेकरार दिखे फैंस

**शुभम किशोर। रांची**

23 से 27 फरवरी तक भारत और इंग्लैंड के बीच चौथा टेस्ट जेएससीए स्टेडियम में खेला जाना है. मंगलवार को भारत और इंग्लैंड की टीमें रांची पहुंच गयीं. रांची एयरपोर्ट पर दोनों टीमों का स्वागत जेएससीए के अधिकारियों ने किया. इस दौरान जिला प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम कर रखे थे. फैंस खिलाड़ियों की झलक पाने को बेकरार दिखे. सभी इस पल को अपने कैमरे में कैद करना चाहते थे. एयरपोर्ट से सबसे पहले रोहित शर्मा बाहर निकले. जडेजा, शुभमन और सिराज ने हाथ हिलाकर फैंस का अभिवादन किया.







**स्वागतम :** रांची एयरपोर्ट पर बारी-बारी बाहर निकले खिलाड़ी.

## एशियन डेवलपमेंट बैंक के सहयोग से पूरी होगी राजधानी की बड़ी परियोजना

# ₹3211 करोड़ से बनेगा रांची का सीवरेज सिस्टम

**रवि भारती। रांची**

राजधानी को स्वच्छ रखने के लिए सीवरेज सिस्टम का लागू होना जरूरी है. इसके लिए रांची नगर निगम के सहयोग से जुडको द्वारा क्रियान्वयन शुरू किया गया है. परामर्शी कपंनी एनजेएस ने इसक परियोजना का विस्तृत कार्य प्रतिवेदन ( डीपीआर ) तैयार किया है. तैयार डीपीआर के अनुसार रांची शहर के सीवरेज सिस्टम पर प्राथमिक तौर पर कुल 3210.43 करोड़ रुपए की लागत आएगी. डीपीआर वर्ष 2057 की आबादी और प्रस्तावित आवासों को ध्यान में रख कर तैयार किया गया है. डीपीआर पर सुझाव एवं आपत्तियों के लिए रांची नगर निगम के सभागार में मंगलवार को एनजेएस द्वारा स्टेक होल्डर मीटिंग बुलायी गयी.

**शहर को बांटा गया चार जोन में :** सीवरेज सिस्टम के लिए पूरे शहर को कुल चार जोन में बांटा गया है. जोन एक का काम पहले से ही रांची नगर निगम द्वारा कराया जा रहा है. जोन के एक बचे हिस्सों को मिलाकर कुल तीन और जोन में सीवरेज सिस्टम को बांट कर डीपीआर बनाया गया है.

इसके तहत तीन नये सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाये जाएंगे. वर्तमान में शहर का वेस्ट वाटर स्वर्णरेखा नदी होते हुए रुक्का डैम में जाता है. सीवरेज सीस्टम बन जाने से गंदा पानी साफ होकर रुक्का डैम में जाएगा, जिससे भविष्य में पानी की आत्मनिर्भरता बढ़ जाएगी. रांची नगर निगम द्वारा जोन एक में मोरहाबादी, पंडरा और आसपास के इलाकों में 280 किलोमीटर पाइप बिछाया जा रहा है. एक 37 एमएलडी का एसटीपी भी बनवाया जा रहा है. एसटीपी से गैस भी निकलेगी, जिससे ऊर्जा का उत्पादन होगा. सीवरेज सिस्टम से पानी जनित रोग पर भी नियंत्रण लगेगा. भरम, होटवार और हेथू में एसटीपी बनेगा.

**2057** की आबादी को ध्यान में रख बनाया गया है विस्तृत कार्य प्रतिवेदन

**1945.41** किमी बिछायी जाएगी नगर निगम क्षेत्र में सीवरेज पाइप लाइन

- राजधानी को कुल चार जोन में बांट कर बिछायी जाएगी सीवरेज पाइप
- प्रतिवेदन पर एजेंसी एनजेएस ने स्टेक होल्डर की मीटिंग में दिया प्रस्तुतीकरण

**2057 में रांची की आबादी 3025792 हो जाएगी**

वर्ष 2057 में रांची की आबादी 3025792 हो जाने का अनुमान है. लगभग 341336 आवास होंगे. इस आबादी पर कुल 449 .59 एमएलडी सिवेज निकलने का अनुमान लगाया गया है. इसी को ध्यान में रख कर पूरे शहर में सीवरेज पाइप लाइन बिछायी जाएगी. इस परियोजना के तहत हाइवे पर 36, पथ निर्माण के मार्ग, रेलवे 10, आरओबी 3, नाला -नादी 37 और 7 मीटर की गहराई पर 52 स्थानों पर सिवरेज सिस्टम के पाइप लाइन की क्रासिंग भी होगी.




**जोन वार प्रमुख क्षेत्र**

**जोन 1** मोरहाबादी, चिरौंदी, पंडरा, कांके, डुमरदगा, टैगोर हिल एरिया, रातू रोड, बजरा, बूटीमोड़, वार्ड नंबर एक, दो, तीन , चार, पांच, 30, 31, 32 और 33

**जोन 2** वार्ड नंबर आठ,9, 10,11, 13, 14, 15, 16, 17, 18, 19, 20, लालपुर, वर्धमान कंपाउंड, अलबर्ट एक्का चौक, पुरूलिया रोड, कोकर,नामकुम

**जोन 3** वार्ड नंबर 20, 21, 22, 23, 24, 25, 26, 27, 28, 29 34, 35,36,37, 38, 41, 42,43, 44, 45, 46, 47, 48, 49 , 50 पहाड़ी मंदिर, हरमू, अशोक नगर, हिनू, कडरू

**जोन 4** वार्ड नंबर 37, 38, 39, 40, 50, 51, 52 एवं 53 धुर्वा , एचइसी, हटिया , बिरसा चैक, हेसाग , तुपुदाना, जगन्नाथ मंदिर

### स्टैक होल्ड की बैठक में ये रहे मौजूद

स्टेक होल्डर बैठक में एनजेएस के अधिकारी योगेश गोखले , मंदार पिपुलकर,जुडको के परियोजना निदेशक तकनीकी गोपालजी रांची के विधायक सीपी सिंह,रांची नगर निगम के प्रशासक अमित कुमार अपर प्रशासक कमलाकांत गुप्ता, उप प्रशासक रवींद्र कुमार और उप प्रशासक मोहम्मद अनवर हुसैन , जुडको के महाप्रबंधक एसएस सेनगुप्ता और उप परियोजना निदेशक उत्कर्ष मिश्र मौजूद थे.

### साहिबगंज एसपी को जैप-9 कमांडेंट का अतिरिक्त पदभार

**रांची।** साहिबगंज एसपी कुमार गौरव को जैप-9 कमांडेंट का अतिरिक्त पदभार दिया गया है. इससे संबंधित आदेश आईजी मानवाधिकार ने मंगलवार को जारी कर दिया. जारी आदेश में कहा गया है कि जैप-9 कमांडेंट का पद रिक्त है. आने वाले समय में बुनियादी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे पुलिस कर्मी का पारन परेड होना संभावित है, ऐसे में कमांडेंट के नहीं होने से कार्य के निष्पादन में काफी कठिनाई हो रही है. इसे देखते हुए साहिबगंज एसपी को जैप-9 कमांडेंट का अतिरिक्त पदभार दिया जाता है.

### 24 फरवरी तक भाजपा करेगी कार्यशाला

**रांची।** लाभार्थी संपर्क अभियान के तहत भाजपा 20 से 24 फरवरी तक लोकसभा स्तरीय कार्यशाला का आयोजन कर रही है. प्रदेश के प्रमुख नेता प्रत्येक लोकसभा में जाकर कार्यशाला में शामिल होंगे. इसे लेकर 20 फरवरी को सिंहभूम लोकसभा के कार्यशाला हुआ, जिसमें विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा शामिल हुए. 21 फरवरी को गोड्डा लोकसभा में आयोजित कार्यशाला में दुर्गा मरांडी और विवेक विकास शामिल होंगे.

# नहीं बदले जाएंगे कांग्रेस के मंत्री

## आलाकमान ने कहा-पार्टी ब्लैकमेलिंग पर विश्वास नहीं करती

**कौशल आनंद। रांची**

झारखंड की नयी चंपाई सोरेन सरकार में कांग्रेस कोटे के शामिल मंत्री बदले नहीं जाएंगे. सभी विधायकों को झारखंड वापस लौटने, बजट सत्र में हिस्सा लेने और लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटने का निर्देश दिया गया है. पार्टी आलकमान ने यह भी स्पष्ट कर दिया कि पार्टी ब्लैकमेलिंग पर विश्वास नहीं करती है. पार्टी के निर्णय और निर्देश पर विश्वास रखें. पार्टी सभी के मान-सम्मान का ख्याल रखेगी. पार्टी आलाकमान ने कांग्रेस विधायक डॉ इरफान अंसारी को डांट पिलायी, कहा कि आप ही नेतृत्व करते हैं, लीडर बनते हैं वहां. लोकसभा चुनाव सिर पर है, आप सभी में काफी क्षमता है, जाकर लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाएं. यह चुनाव कांग्रेस के साथ-साथ देश के लिए काफी अहम है.

दिल्ली में जमे कांग्रेस के आठ विधायक मंगलवार को कांग्रेस पार्टी राष्ट्रीय महासचिव एवं संगठन प्रभारी बी वेणुगोपाल, राष्ट्रीय नेता उमर सिंहार आदि से अलग-अलग मिले.



**खास बातें**

- मिली सलाह, जाकर लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाएं
- विधायक आज आएंगे रांची, बजट सत्र में भी लेंगे हिस्सा

पार्टी आलकमान के दो टूक निर्देश के बाद अब कांग्रेस के नाराज 8 विधायक 21 फरवरी को रांची लौटेंगे. इस बात के संकेत कई विधायकों ने दिया. एक विधायक ने कहा कि आपलोग कहेंगे तो आ जाएंगे. मतलब साफ है कि इनकी एक सूत्री मांग मंत्री को बदले जाने का की मांग आलाकमान ने पूरी तरह से खारिज कर दिया. मालूम हो कि कांग्रेस के आठ विधायक पिछले तीन दिनों से दिल्ली में जमे हैं. जिसमें विधायक अनुप सिंह, डा इरफान अंसारी, उमा शंकर अकेला, अंबा प्रसाद, राजेश कच्छप, दीपिका सिंह पांडेय आदि शामिल हैं.

# सदर अस्पताल में जल्द शुरू होगा फेफड़ों का इलाज

**संवाददाता। रांची**

राजधानी के मरीज जल्द ही सदर अस्पताल में फेफड़े का इलाज करवा सकेंगे. यह इलाज आयुष्मान योजना के तहत फ्री होगा. सदर अस्पताल में फेफड़ों के इलाज के लिए पल्मोनरी विभाग की ओपीडी खुलने जा रही है. इसकी जानकारी देते हुए सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार ने बताया कि सदर अस्पताल में प्लमोलॉजिस्ट विभाग खुल चुका है. अब मरीज सदर में फेफड़े के संक्रमण व इससे जुड़ी बीमारियों का इलाज के साथ सर्जरी भी करा सकेंगे. साथ ही फेफड़ों का इलाज आयुष्मान योजना के तहत आता है, जिसके कारण अब गरीब लोग भी फेफड़ों से जुड़ी बीमारियों का इलाज मुफ्त करा सकेंगे. सदर में फेफड़ों के मरीज का इलाज राज अस्पताल की प्लमोलॉजिस्ट सुप्रभा चक्रवर्ती करेंगी. इस विभाग में नियुक्त किए गए डॉक्टर को आयुष्मान योजना के स्पेशलिस्ट डॉक्टर के अंतर्गत इनकी सैलरी का भुगतान किया जाएगा. साथ ही साथ डॉक्टरों को आयुष्मान मरीजों का इलाज शुल्क 25 प्रतिशत इंसेंटिव भी दिया जाएगा.



आयुष्मान मरीजों को मिलेगा लाभ

### महिला कैंसर विशेषज्ञ ने शुरू किया इलाज

बीते साल से ही सदर अस्पताल में कैंसर का इलाज किया जा रहा है. अभी-तक आयुष्मान योजना के तहत सैकड़ों गरीब मरीज अपना इलाज करवा चुके हैं. वर्तमान में सदर अस्पताल में चल रहे कैंसर विभाग में अब महिला कैंसर विशेषज्ञ भी अपनी सेवा देंगी. महिला विशेषज्ञ के आने के बाद कैंसर से पीड़ित महिलाओं को परामर्श लेने में सुविधा होगी. सिविल सर्जन ने बताया कि अभी तक पुरुष डॉक्टरों के पास जाने से महिला मरीज हिचकती थीं, लेकिन महिला विशेषज्ञ के आने के बाद आधी आबादी को भी आराम महसूस होगा.

### रात्रि सेवा को भी बढ़ाने पर दिया जा रहा जोर

पूरे जिले के सरकारी अस्पतालों में सदर अस्पताल एक मात्र ऐसा अस्पताल है, जहां पर रात्रि में भी विशेषज्ञ चिकित्सकों की सुविधा उपलब्ध होती है. सदर अस्पताल में इससे पहले कैंसर विभाग, गैस्ट्रोलॉजी विभाग, पीडियेट्रिक सर्जरी विभाग, यूरोलॉजी विभाग खोले जा चुके हैं. जहां पर मरीजों को लाभ मिल रहा है और उन्हें निजी डॉक्टरों का ही परामर्श सरकारी अस्पताल में मिल रहा है. सदर अस्पताल में इस तरह की सुविधा शुरू होने से गरीब मरीजों को निजी अस्पतालों के महंगे इलाज से राहत मिल रही हैं.

**विडंबना** हरमू फारुकी स्ट्रीट में गहराया जल संकट : 3 साल पहले सप्लाई कनेक्शन दिया गया, लेकिन आज तक नहीं आया पानी

# 1500 की आबादी को गर्मी में कहां से मिलेगा पानी, बन गया है यक्ष प्रश्न

**रेहान अहमद। रांची**

गर्मी ने अभी दस्तक भी नहीं दी, जल संकट गहराने लगा है. राजधानी के हरमू फारुकी स्ट्रीट में 1500 की आबादी को 2 वर्ष पहले पानी देने के लिए पाइप बिछायी गयी. पानी के कनेक्शन के साथ मीटर भी दिया गया. इसके लिए प्रति व्यक्ति 4500 रुपए कनेक्शन शुल्क के रूप में लिए गए. लेकिन अब तक जलापूर्ति शुरू नहीं हुई.

बता दें कि तीन इंच की बिछी पाइप मेन पाइप से कनेक्ट ही नहीं की गयी. जिससे यहां पानी आता ही नहीं. तीसरा वर्ष शुरू होने के बाद भी कनेक्शन का कार्य पूरा नहीं किया गया. लोग क्षेत्र में लगे मिनी एचवाईडीटी से गुजारा कर रहे, जबकि गर्मी में एचवाईडीटी भी दम तोड़ देता है. लोगों का कहना है कि सरकार को इस ओर जल्द ध्यान देने की जरूरत है, बस मेन पाइप से कनेक्ट करने से सभी को पानी मिलने लगेगा.



### कनेक्शन लगा, मीटर मिला पर पानी नहीं : हाजी अजीम



हाजी मो अजीम ने कहा कि क्षेत्र में सप्लाई पानी के लिये पाईप बिछाया गया है. लेकिन उसमें मेन पाइप से कनेक्ट नहीं करने की वजह से आज तक पानी नहीं आ रहा है. सप्लाई पाईप कनेक्शन में साढ़े 4 हजार रूपये शुल्क के रूप में लिया गया. लेकिन इस वर्ष तीसरा साल शुरू हो गया है लेकिन पानी नहीं मिल रहा है. जबकि पानी का मीटर भी उसी समय दिया गया था, जिसे हम लोगों ने घर में सहेज कर रखा है.

### मेन पाइप से कनेक्शन जरूरी तभी मिलेगा पानी : एहतेशाम



मो एहतेशाम ने कहा कि क्षेत्र में सप्लाई पाइप बिछे हुए काफी समय हो गया है. लेकिन इस ओर कोई ध्यान नहीं है. पानी के लिये गर्मी में बड़ी परेशानी हो जाती है. पाईप लाइन बिछे तीसरा वर्ष शुरू हो गया है, लेकिन अबतक पानी नहीं मिल रहा है. इस कारण परेशानी बनी हुई है. संबंधित विभाग को इस ओर ध्यान देने की जरूरत है. ताकि लोगों को गर्मी में जल संकट की परेशानी नहीं हो.

### तीसरे साल भी पानी नहीं, लोग परेशान : इम्तियाज



इम्तियाज अंसारी ने कहा कि जल संकट दूर करने के लिये सरकारी स्तर पर क्षेत्र में सप्लाई पाइप बिछाया तो गया है. घर घर में पानी का कनेक्शन भी दिया गया है. इस लगे करीब 3 वर्ष होने जा रहे है. लेकिन पानी अब भी नहीं मिलता है, मेन पाइप से कनेक्शन नहीं होने की वजह से सप्लाई पानी नहीं आता है. इस ओर ध्यान देने की जरूरत है.

### इस बार गर्मी में मचेगा हाहाकार : खुर्शीद



मो खुर्शीद ने कहा कि पानी की काफी परेशानी है. यह क्षेत्र गर्मी के दस्तक देते ही ड्राई हो जाता है, अभी पानी मिल रहा है. लेकिन सप्लाई पानी का इस बार भी मेन पाइप से कनेक्ट नहीं किया गया तो पानी का लिये हाहाकार मचेगा. इस बड़ी आबादी के बीच 2 मिनी एचवाईडीटी है, लेकिन तेज गर्मी में दोनों सूख जाते हैं. इस लिये नगर निगम को इस ओर ध्यान देने की जरूरत है.

### हमें सप्लाई पानी जल्द दिलाए प्रशासन : मुन्ना



मुन्ना सवासी ने कहा कि क्षेत्र में पानी की बड़ी परेशानी है. मिनी एचवाईडीटी से सभी को पानी पूरा नहीं हो पाता है. लोग दूर दराज से पानी का प्रबंध करते हैं. सप्लाई पानी का कनेक्शन तो 2 साल पहले ही लगा था, लेकिन पानी अबतक नहीं मिल रहा है. केवल मेन पाइप से क्षेत्र में लगे तीन इंच के पाइप को कनेक्ट करने की जरूरत है. कनेक्ट हो जाने से जल संकट दूर हो जायेगा. इस ओर ध्यान देने की जरूरत है.

### रिंग रोड पर बस और ट्रक के बीच टक्कर, दो की मौत

**संवाददाता। रांची**

रिंग रोड पर एक बस और ट्रक के बीच हुई टक्कर में दो व्यक्तियों की मौके पर ही मौत हो गयी. यह घटना सोमवार देर रात जिले के नामकुम थाना क्षेत्र के टाटीसिलवे-रामपुर रिंग रोड के बड़ाम कवाली के पास घटी है.

यहां बस और ट्रक के बीच हुई आमने-सामने की भीषण टक्कर में दोनों वाहनों के चालकों की मौत हो गयी. टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गये. वहीं घटना की सूचना मिलने के बाद नागपुर थाना की पुलिस मौके पर पहुंच कर दोनों वाहनों में फंसे चालक के शव को बाहर निकाला और उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. पुलिस इस पूरे मामले की जांच कर रही है.

## ब्रीफ खबरें

### 25 फरवरी को कुड़मी कुरमी हुंकार महारैली

**राहे।** रांची में 25 फरवरी को आयोजित कुड़मी/कुरमी हुंकार महारैली की सफलता को लेकर टोटेमिक कुड़मी/कुरमी (महतो) समाज के लोग राहे प्रखंड के कई गांव में जनसम्पर्क किया. समाज के लोगों को अपने आंदोलन की जानकारी दिये और हुंकार महारैली में शामिल होने का अपील किया गया. समाज के लोगों ने नावागांव, दोकाद, बंसिया, बसन्तपुर, बेला, नावाडीह, पोगड़ा आदि गांव में जनसम्पर्क किया. इस मौके पर शीतल ओहदार, क्षेत्रमोहन महतो ,कृष्णा मोहन महतो सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे.

### मरांडी से रामवतार ने की मुलाकात

**नामकुम।** 20 फरवरी 24 को पूर्व मुख्यमंत्री सह प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी से नामकुम जिप सदस्य रामवतार केरकेट्टा ने शिष्टाचार मुलाकात किया. साथ ही साथ 2024 के लोकसभा चुनाव के सम्बंध में चर्चा किया. श्री केरकेट्टा ने बताया बाबूलाल मरांडी बीजेपी की सबसे बड़ी जरूरत है श्री मरांडी जनता के मुद्दों को लेकर आगे बढ़ रहें हैं बीजेपी को माटी की पार्टी बनाने को लेकर लगातार क्षेत्र में मेहनत कर रहें हैं आगामी लोकसभा चुनाव में इसका परिणाम देखने को मिलेगा . मौके पर मुना बड़ाइक नवीन समाजसेवी रामाधार सिंह समेत कई लोग मौजूद रहें .

### सीआईएसएफ ने 1 टन कोयला बरामद किया

**डकरा।** खलारी थाना क्षेत्र के केडीएच खदान के पीछे करकट्टा जाने वाली सड़क किनारे अवैध रूप से छुपाकर रखे एक टन कोयला सीआईएसएफ ने अभियान चलाकर बरामद किया. सीआईएसएफ को सूचना मिली की केडीएच कोयला डंप यार्ड से कुछ लोग कोयला ले जाकर एक जगह एकत्रित करके रात के अंधेरे में छोटे वाहनों से ले जाने की फिराक में थे. सूचना पाकर इंस्पेक्टर नागेंद्र कुमार नेतृत्व में क्यूआरटी टीम ने गुप्त सूचना आधार पर यह कारवाई की. सीआईएसएफ जवानों ने बताया कि बरामद कोयले को सीसीएल को सपूत कर दिया .

### डकरा :ठेका मजदूरों ने लंबित भुगतान को लेकर की बैठक

**डकरा।** डकरा वीआईपी ऑफिसर क्लब में ठेका मजदूरो का लंबित सीएमपीएफ भुगतान की समस्या को लेकर बैठक कर त्रिपक्षीय वार्ता किया गया. बैठक में सीसीएल हेड क्वार्टर के अधिकृत पेंशन अधिकारी सुनील कुमार तिवारी, एनके क्षेत्र के अंमला अधिकारी ज्योति कुमार, रानी चौबे, आलोक जोजोवार, दीपक गिरी उपस्थित रहे. एन के क्षेत्र एवं पिपरवार क्षेत्र के विभिन्न निजी ट्रांसपोर्ट कंपनी में लगभग 1300 लंबित सीएमपीएफ मुद्दा पर चर्चा हुई. इस मौके पर यूनियन की ओर से प्रेम कुमार, दिनेश भर, सुनील कुमार सिंह, अशोक राम,अरविंद कुमार आदि थे.

### सिद्धू कान्हू युवा खेल क्लब के अध्यक्ष बने सत्य नारायण महतो

**लापुंग।** लापुंग प्रखंड के सभागार में झारखंड सरकार की ओर से चलाई जा रही युवा खेल क्लब योजना के तहत रांची जिला के लापुंग प्रखंड में प्रखंड स्तरीय सिद्धू कान्हू युवा खेल क्लब का गठन किया गया. काफी गहमागहमी के बीच सर्वसम्मति से दानेकेरा पंचायत के सत्यनारायण महतो को अध्यक्ष चुन लिया गया. वहीं लतरातु पंचायत के सिकंदर महतो को उपाध्यक्ष, दोलैचा पंचायत के सरोज राम धुसिया को सचिव बनाया गया तथा कार्यकारिणी समिति के सदस्यों में अलग-अलग पंचायतों से विक्रमजीत तिर्की, अमित उरांव, गंगा उरांव, अजीत कुमार, संजय प्रधान, विशाल मुंडा, प्रदीप खलखो, शिव उरांव, पंकज खलखो तथा पीटर खलखो का चयन किया गया. लापुंग प्रखंड के सभी पंचायतों से चुने गए अध्यक्ष सत्यनारायण महतो आदि थे.

### क्षेत्र के विकास के लिए हम संकल्पित : आदित्य

**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर राँची लोक सभा के सांसद संजय सेठ एवं राज्य सभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू ने संयुक्त रूप से शिलान्यास किया गया. मौके पर राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए हम सभी कृत संकल्पित है. गांव में सड़कों का जाल बिछाने का कार्य चल रहा है. ग्रामीण सड़कों को जोड़ने का काम होने से ग्रामीणों को आवाजाही में सुविधा होगी जनहित में जो सड़क अति आवश्यक है उसकी सूची बनाकर कार्य किए जा रहे हैं.

---

### मूलवासी सदानों ने भरी हुंकार कहा कि सदानों को हक और अधिकार देना होगा

# अधिकार मार्च में झारखंड के सदान राज्य की दशा-दिशा तय करेंगे : राजेंद्र

सुनील कुमार गुप्ता



**बेड़ो।** सदान मोर्चा की 27 फरवरी को रांची में होने वाली अधिकार मार्च को लेकर बेड़ो के ऐतिहासिक महादानी मैदान रंगमंच पर आयोजित बैठक के दौरान सदानों ने भरी हुंकार कहा कि सदानों को हक और अधिकार देना होगा. बतौर मुख्य अतिथि मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि मूलवासी सदानों के प्रति सरकार की नियत ठीक नहीं है. रांची गुमला लोहरदगा सिमडेगा खूंटी सहित कई जिलों में मूलवासी सदान अपनी उपेक्षा से त्रस्त हैं. इन जिलों में ओबीसी का आरक्षण शुन्य कर दिया गया है. अब 27 फरवरी को रांची में होने वाली अधिकार मार्च में झारखंड के सदान राज्य की दशा और दिशा तय करेंगे. इस दौरान केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि मूलवासी सदान अपने बाल बच्चों के भविष्य के लिए मर मिटने को तैयार रहें . 27 फरवरी को होने वाली अधिकार मार्च को लेकर बेड़ो प्रखंड के लिए तैयारी समिति गठित गई जिसमें प्रमुख रुप से सुशील कुमार साहु, नवल किशोर सिंह, सुरेश महतो, कोरेश मिरदाहा, धनंजय महतो, शशि महतो, रशीद मीर, सुदर्शन साहु, बसंती देवी, सावित्री देवी, उमेरा खातून, सरिता देवी,नवदीप महतो, मुकेश गोप आदि को शामिल किया गया है. इसके अलावा धनंजय कुमार राय, विश्वनाथ गोप, वाणी कुमार राय और मुमताज खान को संरक्षक बनाया गया. बैठक में आदित्य चौधरी, ओमप्रकाश साहू, ब्रजेश महतो, कयुम फराश,कुदुस अंसारी, मुरारी पांडे, राजेश सहाय, संजय कुमार राय, कृष्णा गोप, गौरी शंकर साहू, मो अमीन अंसारी, हेमंत कुमार, विमला देवी, महेश्वरी देवी, सविता देवी, कल्पना, राजेश गोप , विशेश्वर हजाम, मुस्ताक मलिक सहित सैकड़ों की संख्या में मूलवासियों ने बैठक को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. इस मौके पर मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थे. मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने बैठक के दौरान राजनेताओं को आड़े हाथ लेते हुए कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि राज्य में बनने वाली सरकारों ने मूलवासी सदानों की अधिकार को छीनने का काम किया. उन्होंने कहा राजनीतिक दल लोकसभा और विधानसभा में बाहरी उम्मीदवार को प्रत्याशी बनाकर सदानों के अधिकार को छीनने का काम कर रहे हैं.

---

### चाल धंसने से ऊपरी सतह में तीन सौ फीट तक पड़ी दरारें

# बुढ़मू के छापर में चाल धंसी,चार घायल, कई के दबने की आशंका

संवाददाता। बुढ़मू




बुढ़मू थाना क्षेत्र के छापर बस्ती में अवैध कोयला खनन किए जाने के दौरान चाल धसने चार लोग हुए जख्मी , वहीं कई लोगों के दबे होने की आशंका है. छापर बस्ती सात नंबर में मंगलवार दोपहर अवैध कोयला खनन के दौरान लगभग 300 फीट के दायरे में चाल धसने के दौरान चार लोग घायल हो गए. घायलों को आनन फानन में इलाज को लेकर पतरातु के निजी अस्पताल में गुपचुप तरीके से भर्ती कराया गया है . अवैध खनन किए जाने को लेकर वहां दर्जनों मुहाने कोयला तस्करों ने बनाया है . मंगलवार को कोयला खनन को लेकर दो दर्जन ग्रामीण मुहाने से अंदर गए हुए थे .

**लगभग 300 फीट दरार पड़ी :** इसी दौरान लगभग 2 बजे दोपहर भू धसान की घटना हो गई . जिससे बस्ती में अफरा-तफरी का माहौल बन गया . भू धसान के दौरान ऊपरी सतह में लगभग 300 फीट दरार हो गई . घटनास्थल पर ग्रामीणों के चप्पल और कपड़े बिखरे पड़े थे . घटनास्थल के आसपास 90 के दशक में भूमिगत कोयला खदान हुआ करती थी. जिसे बंद कर दिया गया लेकिन आज भी सफेद पोश एवं कोयला तस्करों के गठजोड़ से यहां से अवैध खनन कर कोयले की तस्करी बदस्तूर जारी है . जिस तरह से मुख्य मार्ग से महज 50 मीटर की दूरी पर दर्जनों मुहाने बनाकर कोयले का अवैध खनन किया जाता हैं. घायलों में राकेश राम, सागर लोहरा, मुकेश राम, कमलेश राम के नाम शामिल है . जबकि अवैध कोयला खनन करने गए कई ग्रामीणों के दबे रहने की आशंका हैं .

**पुलिस के आने से पहले लोग भाग गये**

जबतक इसकी सूचना बुढ़मू पुलिस को मिली तबतक कोयला चोर फरार हो चुके थे. मौक़े पर पहुंची बुढ़मू के थाना प्रभारी रामजी कुमार ने पूरे मामले पर गहनता से जांच पड़ताल कर रही है. उन्होंने कहा की कुछ दिन पूर्व ही खदान के मुंह को बंद कराया गया था.





### सिल्ली में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**सिल्ली।** सिल्ली थाना अंतर्गत छोटा चाँगड़ू निवासी परमानंद बडाईक उम्र 19 वर्ष ने अपने घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. जानकारी के अनुसार उसके भाई संजय बडाईक ने बताया कि मेरा भाई परमानंद बडाईक का किसी लड़की के साथ प्रेम प्रसंग था. सुबह लगभग 10 बजे से 11बजे के बीच घर के ही सामने एक कमरा में फांसी लगा लिया. हम लोग उस समय काम करने गए हुए थे. घर आने के बाद देखा कि उस कमरा का खिड़की खुला हुआ है और दरवाजा बंद है खिड़की के पास जाकर देखा तो मेरा भाई फांसी लगा लिया था तत्पश्चात आनंन फानन में हम लोग दरवाजा तोड़कर अंदर घुसे और उसका जान बचाने के लिए नीचे उतारा. उसके बाद इसकी सूचना सिल्ली थाना को दिया गया.

### आरएएम चैलेंजर स्पोर्ट्स चैंपियन प्रतियोगिता का हुआ समापन

**अनगड़ा।** क्षेत्र के लुपुंग स्टेडियम में चल रहे छः दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का मंगलवार को समापन हो गया. मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू व विशिष्ट अतिथि डॉ अमर कुमार चौधरी, ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी, जलेंद्र कुमार, जीप सदस्या अनुराधा मुंडा, प्रमुख दीपा उरांव, विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र मुंडा, आयोजन समिति के अध्यक्ष राजेंद्र महतो व कोषाध्यक्ष संजय नायक ने संयुक्त रूप से प्रतियोगिता के विजेता व उप विजेता टीमों को ट्राफी व नगद पुरुस्कार देकर सम्मानित किया. 14 फरवरी से 20 फरवरी तक छः दिन चली इस खेलकूद प्रतियोगिता में क्रिकेट फुटबॉल, कबड्डी व वॉलीवाल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ. बालिका फुटबॉल आकर्षण का केंद्र रहा.

## न्यूज अपडेट

### पूसू पहाड़ के किनारे अचेत अवस्था में मिला भालू



**कांके।** रांची से लगभग 17 किलोमीटर दूर पिठौरिया के जंगल से सटी पूसू पहाड़ के किनारे मंगलवार सुबह अचेत अवस्था में एक भालू देखा गया. ग्रामीणों ने इसकी सूचना पिठौरिया थाना प्रभारी को दी. उसके बाद वाइल्डलाइफ कंजर्वेशन सोसायटी के शुभम और उमा को दी गयी. सूचना पाने के बाद दोनों मौके पर पहुंचे. उन्होंने ही वन विभाग को सूचना दिया, हालांकि उसका रेस्क्यू कर वन विभाग कांके स्थित वेटनरी अस्पताल में इलाज करा कर बरवे रेस्क्यू सेंटर भेज दिया. अभी भी उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है. वाइल्डलाइफ कंजर्वेशन रमेश महतो ने बताया कि यह स्लोथ बियर है और रेयर है.

### अभिनेता गोविंदा अचानक पहुंचे बुंडू के सूर्य मंदिर



**बुंडू।** सिने अभिनेता गोविंदा मंगलवार को बुंडू स्थित सूर्य मंदिर पहुंचकर भुवन भाष्कर सूर्य देव का साष्टांग दण्डवत किया और भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया.मौके पर पुरोहित सत्य नारायण पाठक ने उन्हें तिलक लगाकर भगवान का पूजा कराया. सूर्य मंदिर के भूमिदाता, व आजसू पार्टी के केन्द्रीय सचिव रामदुर्लभ सिंह मुंडा ने उन्हें सूर्य मंदिर के बारे विस्तार से बताया. अभिनेता गोविंदा ने अपने प्रतिक्रिया में बताया कि मंदिर बहुत ही खूबसूरत है. आसपास का दृश्य भी मनोरम है. यहां का और भी विकास होना चाहिए . संस्कृति विहार के संयोजक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि यहां एक स्कूल भी चलता है. अभिनेता गोविंदा के यहां आने की खबर लगते ही स्कूल के बच्चे बड़ी संख्या में उन्हें देखने पहुंचे.

### असंगठित मजदूरों की बेमियादी हड़ताल समाप्त

**पिपरवार।** कोयलांचल क्षेत्र के बचरा साइडिंग में कार्यरत असंगठित मजदूरों द्वारा वेतन वृद्धि किए जाने की मांगो को लेकर विगत 16 फरवरी से अनिश्चितकालीन हड़ताल को लेकर पिपरवार महाप्रबंधक कार्यालय सभागार में मंगलवार को यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन के प्रतिनिधि, बचरा साइडिंग के असंगठित मजदूर सीसीएल पिपरवार प्रबंधन व हेम्स कंपनी के प्रतिनिधि के बीच त्रिपक्षीय वार्ता सम्पन्न हुई. इस त्रिपक्षीय वार्ता में मुख्य रूप से यूनियन प्रतिनिधियों में मुंद्रिका प्रसाद विमल महतो कामेश्वर राम बाबूलाल राम एवं पिपरवार प्रबंधन के एजीएम निरंजन सेनापति, सीएचपी सीपीपी परियोजना पदाधिकारी डी कुमार, पिपरवार कार्मिक व प्रशासनिक अधिकारी नागेश गोपालन,कार्मिक प्रबंधक निशांत रोहिला, एरिया सुरक्षा पदाधिकारी अरुण महतो, रवि बारा एवं हेम्स कंपनी की और से डेगन प्रजापति अर्जुन महतो आएएसटी के राजेश कुमार, बिजली महतो ,दिलीप चौधरी ,चमन महतो, मुंशी महतो, जयशंकर प्रसाद, तुलसी महतो सहित दर्जनों मजदूर मौजूद थे .

### प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ समारोह में शामिल हुई आशा लकड़ा



**कांके।** बुकरु बाजार टांड़ में चल रहे बजरंग बली के मंदिर निर्माण का प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ समारोह सह सात दिनों का श्री राम कथा में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है. सभी महावीर के भक्तों ने भगवान राम और वीर बजरंगी के नारों से नगर को गूंजायमान कर दिया.इस आयोजन में भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री सह पश्चिम बंगाल की प्रभारी डॉ आशा लकड़ा पहुंची. मौके पर उपस्थित महिलाओं ने उन्हें चुनरी और अंगवस्त्र ओढ़ाकर तथा माला पहनाकर उनका स्वागत किया. लोगों को संबोधित करते हुए डॉ आशा लकड़ा ने कहा कि ने कहा कि मैं अंजन धाम से हूं, जहां बजरंग बली का जन्म हुआ था.

### हमें खुशी होती है टीवी मरीजों की सेवा करने में : रवि



**सिल्ली/मुरी।** हिंडालको कंपनी के सीएसआर फंड के द्वारा सिल्ली प्रखंड के 14 पंचायतों के टीवी मरीजों के बीच छः महीने का राशन एवं दवा का निशुल्क वितरण किया गया. यह वितरण हिंडालको के यूनिट हेड रवि नारायण मिश्रा एवं एचआर हेड अरुण राय दोनों ने संयुक्त रूप से टीवी मरीजों के बीच वितरण किया साथ ही साथ यूनिट हेड रवि नारायण मिश्रा ने मरीजों को संबोधित करते हुए कहा कि सही रूप से संतुलित भोजन एवं दवा का सेवन करें तथा किसी प्रकार का धूम्रपान ना करें. धूम्रपान करने से दवा असर नहीं करेगा. हमें खुशी होती है कि टीवी मरीजों की सेवा करने का मौका मिला है.

### राहे के ऑर्किड इंटरनेशनल स्कूल में कंप्यूटर क्लास का शुभारंभ



**राहे।** प्रखंड के राहे पंचायत स्थित ऑर्किड इंटरनेशनल स्कूल में मंगलवार को कम्प्यूटर क्लास का उद्घाटन विधिवत फीता काटकर राहे थाना प्रभारी रामरेखा पासवान के द्वारा किया गया. इस अवसर पर थाना प्रभारी ने कहा कि गांव स्तर में छोटे बच्चों की कम्प्यूटर शिक्षा देने का प्रयास करना क्षेत्र के लिए वरदान साबित होगा.निर्देशक अमजद अली ने कहा कि क्षेत्र के बच्चों के लिए बेहतर शिक्षा देना प्रयास होगा. मौके पर राहे थाना के एएसआई रामपुकार बैठा, संजय महतो, चन्द्र भूषण मंडल, अजित सिंह, जगरनाथ मुखर्जी, लक्ष्मी कांत चटर्जी, मो सैफ, तुषार कुमार, संगीता प्रजापति, सीमंदर महलीआदि शामिल थे.

### गुरुगाई गांव में कृषक सभा का आयोजन



**बुढ़मू।** कृषक भारती को ऑपरेटिव लिमिटेड रांची के तत्वावधान में मंगलवार को बुढ़मू प्रखंड के गुरुगाई गांव में अमृत महोत्सव के अवसर ओर कृषक सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन भाजपा के वरीय नेता रामकुमार दुबे,कृभको के क्षेत्रीय प्रतिनिधि राकेश कुमार व कर्मा साहु ने किया। मौके पर अतिथियों द्वारा आदिवासी बाल विकास विद्यालय के परिसर में गुलमोहर,अशोक, आम,अमरूद के पौधे लगाए गए। कृभको द्वारा यूरिया, डीएपी,जिंक आदि खादों के प्रयोग विधि की जानकारी दी गई। साथ ही किसानों को मिट्टी जांच करने के लिए भी प्रेरित किया गया।

---

# मनुष्य शरीर है साधना का मन्दिर है: पंकज जी महाराज



संवाददाता। तमाड़

परस्पर प्रेम से रहने, थोड़ा सा समय भगवान की भक्ति में लगाने, शाकाहार अपनाने, शराब आदि नशों को त्यागने, चरित्र उत्थान आदि के लोक परलोक हितकारी संदेशों को देते हुये जय गुरुदेव धर्म प्रचारक संस्था, मथुरा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संत पंकज जी महाराज अपनी 82 दिवसीय जनजागरण यात्रा में सारजमडीह पधारे. यहां आयोजित जयगुरुदेव सत्संग समारोह में संत पंकज जी महाराज ने अपने सम्बोधन में कहा कि मनुष्य शरीर साधना का मन्दिर है, इसमें प्रभु के पास जाने का रास्ता है. इसीलिए इसका इतना महत्व है. हिन्दू महात्माओं ने इसे नर-नारायणी शरीर कहा, मुसलमान फकीरों ने इसे कुदरती काबा कहा और ईसा मसीह साहब ने तो इसे जिन्दा परमात्मा का घर कहा. यह असली हरि मन्दिर है वह प्रभु जब भी मिलेगा तो इसी मन्दिर में मिलेगा. आगामी 24 से 26 मार्च तक जय गुरुदेव आश्रम, मथुरा में आयोजित होने संत्सग में आने को कहा. इस अवसर पर संस्था के महामन्त्री बाबूराम यादव, आश्रम मथुरा के प्रबन्धक संतराम चौधरी, जयगुरुदेव संगत झारखंड के अध्यक्ष रामचन्द्र, बिहार प्रदेशाध्यक्ष मृत्युन्जय झा, आदि लोग मौजूद थे.

# निगम व पुलिस मिलकर करेंगे सड़क को जाम मुक्त

संवाददाता। रांची



रांची नगर निगम, जिला प्रशासन तथा यातायात पुलिस के साथ मिलकर मेन रोड पर स्ट्रीट वेंडर्स समेत अवैध पार्किंग करने वाले के खिलाफ संयुक्त रूप से अभियान चला रही है. इसी कड़ी में मंगलवार को अपर प्रशासक कमलाकांत गुप्ता की अध्यक्षता में रांची नगर निगम, जिला प्रशासन तथा यातायात पुलिस के पदाधिकारियों के साथ बैठक की गई. बैठक में शहर के मुख्य पथों पर पार्किंग पुसिंग अभियान चलाने का निर्णय लिए गया. बैठक में अपर प्रशासक द्वारा कहा गया कि अवैध रूप से पार्किंग तथा अतिक्रमण शहर के लिए गंभीर समस्या है. इसके लिए शहर के मुख्य मार्गों पर लगातार अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया जाए. इसके अलावा उन्होंने निर्देश दिया कि निगम क्षेत्र में पार्किंग पुसिंग ड्राइव शहर के सभी मुख्य मार्गों में चलाया जाए. जिसमें मुख्य रूप से व्यवसायिक भवनों के पार्किंग स्थल को चिन्हित कर व्यवसायिक प्रतिष्ठानों/होटल/रेस्टूरेंट आदि के मालिक एवं कर्मचारियों के वाहनों को पार्किंग स्थल में लगवाने का कार्य किया जाए. ताकि सड़क पर पार्किंग के कारण जाम की स्थिति पर रोक लगाया जा सके. निगम कार्यालय में हुए बैठक में बताया गया कि रांची नगर निगम के कुल 30 वाहन पार्किंग स्थल है तथा ऑटो / बस के लिए कुल 7 स्थल चिन्हित किए गए हैं. जिसपर अपर प्रशासक ने निर्देश दिया है कि शहर में जहां भी अव्यवस्थित रूप से मुख्य पथों पर ऑटो तथा ई-रिक्शा द्वारा पार्किंग किया जा रहा है, उन्हें चिन्हित करते हुए अतिक्रमण मुक्त करना सुनिश्चित करें. साथ ही निगम की पार्किंग स्थलों पर, जहां साइनेज नहीं है, वहां पार्किंग शुल्क के साथ साइनेज लगाने का भी निर्देश दिया. बैठक में ट्रैफिक डीएसपी द्वारा कहा गया कि पार्किंग स्थलों की कमी के कारण कुछ एक मुख्य मार्गों पर जाम की समस्या उत्पन्न होती है. जिसपर अपर प्रशासक द्वारा नगर प्रबंधक स्तर पर क्षेत्रवार कमेटी गठन करने का निदेश दिया गया. यातायात पुलिस तथा जिला प्रशासन की टीम संयुक्त रूप से संभावित पार्किंग क्षेत्रों को देखते हुए नये पार्किंग स्थल चिन्हित करने तथा अनधिकृत ऑटो स्टैंड हटाने का कार्य करेगी. अपर प्रशासक द्वारा संबंधित कमेटी को शहर के विभिन्न चौक-चौराहों तथा अन्य पथों पर अनधिकृत बिजली के खंबे, ट्रैफिक खंबे इत्यादि जो यातायात प्रभावित कर रहे है.

---

**उठाई मांग** अबुआ आवास चयन प्रक्रिया में ग्राम सभा की अवहेलना से आक्रोश

# तमाड़ के ग्राम प्रधान संघ ने बीडीओ को सौंपा मांग पत्र

संवाददाता। तमाड़



प्रखंड के ग्राम प्रधान संघ द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी को राज्यपाल के नाम आवेदन सौंपा. अबुआ आवास चयन प्रक्रिया में ग्राम सभा द्वारा चयनित नामों को ही शामिल करने तथा गुप चुप तरीके से प्रशासन द्वारा तैयार सूची को निरस्त करने संबंधी ज्ञापन सौंपा. ग्राम प्रधान संघ के यदुगोपाल सिंह मुंडा, मानकी जगन्नाथ सिंह, मानकी उमाकांत सिंह, लक्ष्मण सिंह मुंडा के नेतृत्व में सैकड़ों ग्राम प्रधानों ने आवेदन सौंपते हुए कहा कि यह उनके मान सम्मान और अस्तित्व का सवाल है कि कैसे बिना ग्रामसभा द्वारा चयनित लोगों को अबुआ आवास के लाभुक में शामिल किया गया.झारखंड में पंचायती राज व्यवस्था और पेसा एक्ट कानून के तहत अनुसूचित क्षेत्रों में हर कार्य ग्राम सभा द्वारा चयनित नामों या योजनाओं को ही लेने की बात कही जाती है. तो क्या झारखंड सरकार ग्राम सभा को ध्वस्त करना चाहती है. कई आदिवासी और झारखंडी विधायक भी इस विषय पर मौन हैं. ग्राम प्रधानों द्वारा महामहिम राज्यपाल महोदय से आग्रह किया गया है कि उनके आवेदन पर संज्ञान लेते हुए विधि सम्मत कार्रवाई करें तथा उन्हें उनका हक और अधिकार दें अन्यथा ग्राम प्रधान संघ द्वारा मनमौजी करने वाले प्रशासन और सरकार के खिलाफ जोरदार आंदोलन करेंगे. ज्ञापन सौंपने वालों में यदुगोपाल सिंह मुंडा, लक्ष्मण सिंह मुंडा,मानकी जगन्नाथ सिंह,मानकी उमाकांत सिंह के अलावे विष्णु पद महतो, शिवलोचन सिंह मुंडा, राजेंद्र सिंह मुंडा, नारायण सिंह मुंडा, ठाकुर सिंह मुंडा, गंगाधर सिंह मुंडा श्याम सिंह मुंडा, छुटु लोहरा, दिलीप सिंह मानकी, शक्ति पद मुंडा, रामेश्वर सिंह मुंडा, पूर्णचंद्र मुण्डा, नन्द किशोर महतो, दूधेश्वर महतो, दिगम्बर लोहरा सहित सैकड़ों ग्राम प्रधान शामिल था.

**खास बातें**

- आदिवासी और झारखंडी विधायक भी मामले में मौन
- प्रशासन और सरकार के खिलाफ आंदोलन करेंगे

# बागवानी से लिखी जा सकती है किसानों की आत्मनिर्भरता की कहानी

▪ राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड की योजना पर कार्यशाला

संवाददाता। रांची




राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड की योजना पर मंगलवार को चैंबर भवन में कार्यशाला का आयोजन किया गया. इस अवसर पर एनएचबी के डिप्टी डायरेक्टर अशोक कुमार, एनएचबीएम के डीजीएम एसएस पूर्ति, नाबार्ड के डीजीएम एससी गर्ग, बैंक आफ इंडिया की चीफ मैनेजर सुनिता कुमारी, चैंबर के आनंद कोठारी मुख्य रूप से शामिल हुए. बागवानी के विशेषज्ञों ने बताया कि झारखंड में बागवानी से भी आत्मनिर्भरता की कहानी लिखी जा सकती है और लिखी जा चुकी है. फसलों की बागवानी से कई किसान काफी आगे पहुंच रहे हैं, क्योंकि किसानों के पास जमीन है, पूंजी नहीं तो उन्हें बागवानी के लिए सरकारी स्तर पर लोन उपलब्ध कराया जाता है. इसमें लोगों को अपनी किस्मत आजमानी चाहिये. कार्यशाला में बड़ी संख्या में झारखंड के किसान तथा फसल प्रेमी पहुंचे और कार्यशाला की बारीकियों को समझा. विशेषज्ञों ने उन्हें बताया कि किसान अपनी जमीन में मशरूम, शिमला मिर्च, बादाम, आंवला, आलू, बैर, अमरूद, अंगूर, आम, लीची, पपीता, स्ट्रॉबेरी, कटहल, काजू, नारियल, पुदीना, इमली, काली मिर्च की फसलें लगा कर अपनी तकदीर बदल सकते हैं. इन फसलों की खेती में सरकार की ओर से सब्सिडी भी उपलब्ध होगी. कार्यशाला में रामगढ़, लोहरदगा, चतरा, गुमला, पलामू, डालटेनगंज, लातेहार, गढ़वा, गोड्डा, साहेबगंज, जमशेदपूर, बोकारो, हजारीबाग, रांची समेत पूरे झारखंड से किसान व बागवानी प्रेमी शामिल हुए.

### 10 करोड़ के प्रोजेक्ट में साढ़े 3 करोड़ की सब्सिडी

बागवानी के लिये किसानों सब्सिडी देने की भी व्यवस्था है. इसके लिए किसानों को अपनी जमीन के पेपर, किस चीज की बागवानी करनी है, उसका डीटेल, जमीन का क्षेत्रफल उस आधार पर पेपर क्लीयर होने पर बैंक से लोन मिलेगा. सभी फसलों में सब्सिडी मिलेगी. 36 माह तक प्रोजेक्ट ठीक चलता रहेगा तो सब्सिडी मिलती रहेगी. किसी कारणवश प्रोजेक्ट बंद पड़ जाने पर सब्सिडी वापस हो जायेगी. 10 करोड़ के प्रोजेक्ट में साढ़े तीन करोड़ की सब्सिडी मिलेगी. इसमें भारत सरकार से 60 फीसदी और राज्य सरकार से 40 फीसदी का सहयोग मिलेगा. फसलों को सहेज कर रखने के लिये कोल्ड स्टोरेज का प्रोजेक्ट भी लोग लगा सकते हैं. इससे भी बेहतर रोजगार के साधन उत्पन्न होंगे.

# झारखंड में 108 गुरुकुल की स्थापना की जाएगी : डॉ. भट्ट

संवाददाता। रांची



दिल्ली संस्कृत व हिंदी अकादमी के सचिव डॉ. जीतराम भट्ट मंगलवार को हवाई मार्ग से रांची पहुंचे. डॉ भट्ट बुधवार को हजारीबाग स्थित सढ़वा महादेव मठ में गुरुकुल के लिए भूमि पूजन करेंगे. रांची एयरपोर्ट पर उनका स्वागत नव झारखंड फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष किशोरी राणा और केंद्रीय महासचिव राजेश झा ने किया. मौके पर डॉ. भट्ट ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि नव झारखंड फाउंडेशन ने झारखंड समेत अन्य जगहों पर गुरुकुल खोलने का संकल्प लिया है. झारखंड में 108 गुरुकुल खोलने की योजना बनाई है. इनके मार्गदर्शन के लिए मैं झारखंड आया हूं. देश में नई शिक्षा नीति का आगाज हुआ है. नई शिक्षा नीति में मातृभाषा को जोड़ा गया है. इसका उद्देश्य बच्चों को मातृभाषा से जोड़े रखना है. भारत में कई भाषाओं पर संकट खड़े हैं, शिक्षा का माध्यम अंग्रेजी हो गया है. इससे पार पाने के लिए नई शिक्षा नीति में मातृभाषा की अवधारणा तैयार की गई है. इस मातृभाषा का आधार गुरुकुल बन सकता है. गुरुकुल में बच्चों को भारतीय शिक्षा पद्धति से विमुख हो गये हैं, उनको शिक्षित करना है.

## रातू रोड के देवी मंडप रोड में सूर्यपुरी के शिव मंदिर में हुई शिवलिंग की स्थापना

# कलश यात्रा के साथ प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान प्रारंभ

संवाददाता। रांची



रातू रोड में देवी मंडप रोड स्थित सूर्यपुरी के नायक चौक के समीप भगवान के शिव मंदिर में शिवलिंग का प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान मंगलवार को भव्य कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ. यह कार्यक्रम 22 फरवरी तक चलेगा. कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं एवं पुरुषों ने भाग लिया. कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु अपने सिर पर कलश लेकर हर हर महादेव के जयघोष के साथ सूर्यपुरी के भगवान शिव मंदिर से अखाड़ा महावीर मंदिर नायक चौक पहुंचे. उसके उपरांत पुरोहित द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलश में जल भराई रस्म हुआ. कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु कॉलोनी भ्रमण कर पुनः मंदिर परिसर पहुंचे. जहां कलशों की विधिवत स्थापना करायी गयी. प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान के मुख्य यजमान सीपी तिवारी (सुनील) ने बताया कि मंदिर में भगवान शिव का यह स्वरूप सभी लोगों के लिए है और सबों पर भगवान की कृपा है. उन्होंने बताया कि गुरुवार को अखंड हरि नाम कीर्तन होगा. बुधवार को सुबह आठ बजे से शिवलिंग प्राण-प्रतिष्ठा पूजा तथा शाम पांच बजे से नगर भ्रमण कार्यक्रम संचालित होगा, जबकि गुरुवार को भी शिवलिंग प्राण-प्रतिष्ठा पूजा, दोपहर दो बजे से हवन अनुष्ठान तथा 3 बजे से भंडारा का आयोजन किया जायेगा.

### श्रीचैती दुर्गा मंदिर के वार्षिकोत्सव पर निकली शोभायात्रा



**रांची।** श्रीचैती दुर्गा मंदिर, भुताहा तलाब के आठवें वार्षिकोतसव पर मंगलवार को 501 कलशधारी महिलाओं संग भव्य शोभायात्रा निकाली गयी. इसमें भाजपा नेता और कई धार्मिक समितियों के अध्यक्ष रमेश सिंह सहित शंकर दुबे,उदय साहू,रवि कुमार पिंकू, गोपाल पारीक,सोमवित माजी, नन्द किशोर सिंह चंदेल, संजय सिंह लल्लू,नमन भारतीय,सागर वर्मा,सतीश सिंह, अजय रजक,संजय तिवारी, राहुल रजक,सुनील यादव मामा,मुकेश सिंह,मोहित रजक, करण सिंह, आकाश रजक, आशीष रजक, अर्जुन सिंह, रोहन सिंह, सौरव रजक, गौरव रजक, प्रियांशु वर्मा, और शेखर रजक आदि ने खास तौर से हिस्सा लिया. यात्रा दिन के साढ़े नौ बजे गाजे-बाजे के साथ निकली. इसमें शामिल श्रद्धालु महावीर चौक, गांधी चौक, शहीद चौक होते हुए त्रिकोण हवन कुंड, शुभाष चौक पहुंचे. यहां कलश में जल भरा गया. फिर सभी देवी-देवताओं का जयघोष करते हुए कचहरी रोड के रास्ते जयपाल सिंह स्टेडियम से होते हुए वापस मंदिर लौटे. इस बीच जगह-जगह भक्तों का स्वागत विविध धार्मिक और सामाजिक संगठनों द्वारा किया गया. मंदिर में पुरोहित सुभाष पाठक ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच गौरी-गणेश पूजन,वेदी पूजन संपन्न कराया. आरती और पुष्पांजलि हुई. भोग का प्रसाद सभी के बीच बांटा गया.अब बुधवार को बुधवार को दिन के नौ बजे पूजन-अनुष्ठान, हवन और भंडारा का कार्यक्रम दिनभर चलेगा. संध्या बेला मां की महाआरती उतारी जायेगी. किशोर साहू ने श्रद्धालुओं से इसमें बढ़-चढ़ कर भाग लेने की अपील की है.

## आवासीय विद्यालयों में आरोहन की शुरुआत


# 'आरोहन' से होगा छात्रों के आंतरिक गुणों का विकास : अजय नाथ झा



विशेष संवाददाता। रांची

आदिवासी कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा ने झारखंड के सभी आश्रम आवासीय विद्यालयों में भावनात्मक समुत्थान आधारित कार्यक्रम 'आरोहन' की विधिवत शुरुआत की. आदिवासी कल्याण आयुक्त कार्यालय, मोरहाबादी में मंगलवार को झारखंड के सभी आश्रम विद्यालयों के प्राचार्य एवं शिक्षकों का उन्मुखीकरण सेशन आयोजित किया गया. इस अवसर पर आदिवासी कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा ने कहा कि आरोहन कार्यक्रम से आश्रम आवासीय विद्यालयों के छात्रों के आंतरिक गुणों का विकास होगा. उन्होंने कहा कि विद्यालयों का कार्य केवल साक्षरता को बढ़ावा देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को पूर्ण रूप से शिक्षित करना है. वर्ल्डबीइंग इंडिया फाउंडेशन की कंट्री डायरेक्टर नंदिता भाटला ने बताया कि शिक्षा नीति, 2020 में उल्लेखित बच्चों के समग्र विकास और शिक्षा को सशक्त करने में यह कार्यक्रम एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. 'आरोहन' कार्यक्रम एक वैज्ञानिक शोध पर आधारित कार्यक्रम है. कार्यक्रम में उप निदेशक धीरेंद्र कुमार सिंह मुमताज अली अहमद,के अलावे वर्ल्डबीइंग के प्रतिनिधि नैंसी प्रिया, हरी शंकर सिंह आदि उपस्थित थे.

### साईं भगवान की गुरुवार को होती है विशेष पूजा



**रांची।** राजधानी रांची से 47 किलोमीटर दूर स्थित लापुंग का साईं मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है. खूबसूरत जंगलों-पहाड़े से घिरे इस मंदिर में गुरुवार और रविवार को साईं भगवान की विशेष पूजा होती है. वैसे तो मंदिर में हर दिन दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंचते हैं, लेकिन इन दोनों दिनों में विशेष भीड़ होती है. आधुनिक परंपरा और संस्कृति के साथ बाबा के भव्य दर्शन तथा वनभोज के लिए पूरे राज्य में यह अपने तरीके का पहला पर्यटन स्थल है. मंदिर में श्रद्धालुओं की सभी सुविधाओं का ध्यान रखा गया है. मंदिर परिसर में काफी स्वच्छता है. परिसर में फूलों और फलों के पौधे लगे हुए हैं. श्रद्धालु यहां काफी सुकून महसूस करते हैं. मंदिर के बाहर पार्किंग के लिए काफी जगह है, जहां लोग आराम से अपनी गाड़ियां पार्क कर सकते हैं. मंदिर में शौचालय और पेयजल की भी व्यवस्था है. रात में रुकने की भी यहां व्यवस्था है, जो श्रद्धालु रात में रुकना चाहते हैं उन्हें कमरे के लिए 300 रुपये अतिरिक्त भुगतान करना पड़ता है.

### श्याम मंदिर में मनायी गयी जया एकादशी



**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा निर्मित व संचालित हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में मंगलवार को श्रद्धा और भक्ति के साथ जया एकादशी मनायी गयी. इस अवसर कई कार्यक्रमों के साथ ही सुंदर कांड एवं हनुमान चालीसा का संगीतमय पाठ का आयोजन किया गया. मंदिर में विराजमान सभी देवी-देवताओं की प्रतिमा का फूलों से श्रृंगार किया गया. मंडल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि जया एकादशी के अवसर पर द्वितीय विशेष श्रृंगार का दर्शन करने पर खुलते ही बड़ी संख्या में भक्तों ने अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए. सायं 4:30 बजे से 90 व श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ हुआ. सुनील मोदी ने अखंड ज्योति प्रज्वलित किया. हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में सैकड़ो भक्तों की उपस्थिति में रात्रि 9:30 बजे से जया एकादशी का मुख्य कार्यक्रम प्रारंभ हुआ, जो देर रात तक चला. अग्रसेन पथ के श्रीश्याम मंदिर में भी जया एकादशी पर्व धूमधाम से मनाया गया. यहां भी रात भर भजनों और जयकारों की धूम रही. कार्यक्रम में रमेश सारस्वत, ओम जोशी, चन्द्र प्रकाश बागला, धीरज बंका, विवेक ढांढनीयाँ शामिल थे.

### कल्याणकारी है श्रीराम कथा : आनंद

**रांची।** श्रीबजरंगबली मंदिर, कोकर इंडस्ट्रियल एरिया के पांच दिवसीय रजत जयंती उत्सव पर राम कथा का खास आयोजन किया गया है. उत्सव के तीसरे दिन सुबह से दोपहर बाद तक स्थापना पूजन आदि अनुष्ठान चला. शाम छह बजे से श्रीराम कथा प्रारंभ हुआ. अयोध्या से आये श्रीराम कथावाचक आनंद मुनी जी ने उपस्थित श्रद्धालुओं को कथारस का पान कराते हुए भक्ति और ज्ञानात्मक बातें बतायीं. साथ ही प्रसंगानुसार भजन भी प्रस्तुत किये. योगी जी ने कहा कि श्रीराम कथा कल्याणकारी है. इसके श्रवण मात्र से जीव का कल्याण हो जाता है. इसमें सफल जीवन का सार समाहित है. 21 फरवरी की शाम मां भवानी जागरण का भी खास आयोजन किया जायेगा. शुक्रवार को पूजन-हवन और भंडारा के साथ पांच दिनी उत्सव संपन्न हो जायेगा. अध्यक्ष सानू सरकार और कोषाध्यक्ष दूधनाथ सिंह ने श्रद्धालुओं से इसमें बढ़-चढ़ कर भाग लेने की अपील की है.



# पुलिस जवानों के बीच चलाया गया जागरूकता अभियान




संवाददाता। रांची

एचसीजी अब्दुर्रज्जाक अंसारी कैंसर अस्पताल ने गुमला पुलिस लाइन में जवानों के बीच जागरूकता अभियान चलाया. इसमें गुमला पुलिस लाइन के मेजर व गुमला पुलिस अधीक्षक भी शामिल थे. कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित अस्पताल के कंसलटेंट मेडिकल ऑनकोलॉजिस्ट डॉ चंद्र शेखर प्रसाद सिंह ने पुलिसकर्मियों को स्वस्थ रहने के टिप्स दिये. उन्होंने कहा कि तत्परता से ड्यूटी करने के लिए सर्वप्रथम शरीर का स्वस्थ रहना आवश्यक है, और आज के इस प्रदूषित वातावरण में अपने आप को बीमारियों से कैसे बचाएं इसकी जानकारी दी गई. उन्होंने बताया कि कैंसर के फर्स्ट स्टेज को कैसे जानें और लक्षण को कैसे पहचानें. साथ ही कैसे बचा जा सके. अस्पताल के मार्केटिंग मैनेजर विकास कुमार सिंह और ब्रांडिंग मैनेजर मनोरंजन कुमार राय ने अहम भूमिका निभाई.

## स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के वेबिनार का आयोजन

# स्कूली शिक्षा विभाग चलाएगा टैलेंट हंट प्रोग्राम

संवाददाता। रांची



भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) द्वारा खेलो इंडिया टैलेंट हंट प्रोग्राम पूरे भारतवर्ष में चलाए जा रहे हैं. इस कार्यक्रम को लेकर मंगलवार को झारखंड स्कूली शिक्षा साक्षरता विभाग व शिक्षा परियोजना परिषद के संयुक्त तत्वाधान में ऑनलाइन वेबिनार का आयोजन किया गया. जिसमें राज्य के 35000 विद्यालयों में कार्यरत शारीरिक शिक्षकों ने भाग लिया. इसमें बताया गया कि इस कार्यक्रम का शुभारंभ आगामी मार्च माह से पूरे भारतवर्ष में प्रारंभ होगी.

इस वेबिनार में राज्य परियोजना निदेशक किरण कुमारी पासी ने खेलो इंडिया टैलेंट हंट कार्यक्रम के बारे में बताया कि अब बच्चे अपने रुचि के अनुसार अपनी करियर को चुन सकेंगे, नई शिक्षा नीति भी अब खेल को मुख्य सब्जेक्ट के रूप में जोड़ रही है और इसके माध्यम से भी बच्चों को आजीविका के अवसर मिलेंगे. वेबिनार को संबोधित करते हुए राज्य नोडल अधिकारी शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद धीरसेन सोरेंग ने बताया कि खेलो इंडिया टैलेंट प्रोग्राम किस प्रकार हमारे विद्यालय के बच्चों को खेल के क्षेत्र में लाभ पहुंचाएगा और बच्चों के रुचि के अनुसार हमें विभिन्न खेल के खिलाड़ी मिलेंगे. साई के मणिकांत ने बताया कि पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से खेलो इंडिया टैलेंट हंट प्रोग्राम के उद्देश्य और इस कार्यक्रम से बच्चे कैसे जुड़ सकते हैं इसके बारे में विस्तार पूर्वक से बतलाया. बच्चों को इस कार्यक्रम से जुड़ने के लिए ऑनलाइन पंजीकरण https://mybharat.gov.in/kheloindia में जाकर करनी होगी. पंजीयन करने के बाद उनके खेल में रुचि के अनुसार उनका खेलो इंडिया टैलेंट हंट असेसमेंट किया जाएगा. यह पंजीयन के आधार पर तय की जाएगी कि किस खेल का किस जिले और प्रखंड में असेसमेंट किया जाएगा.



### एकादशी पर बाला जी मंदिर में हुए अनुष्ठान

**रांची।** माघ मास शुक्ल पक्ष की जया एकादशी व्रत को ले मंगलवार को श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर तिरुपति बालाजी मंदिर में विशेष अनुष्ठान किया गया। मंदिर के अर्चक गोपेश आचार्य और नारायण दास ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अनुष्ठान संपन्न कराया। इसमें आशीष और उनकी पत्नी अश्विका अग्रवाल ने यजमान के रूप में हिस्सा लिया। रामअवतार नारसरिया, राजेश सुल्तानिया, घनश्याम दास शर्मा, जगमोहन नारसरिया, रंजन सिंह, सुशील लोहिया, गौरीशंकर साबू, रामवृक्ष साहू, ओमप्रकाश गाड़ोदिया,सीता शर्मा आदि ने इसमें मुख्य रूप से भागीदारी निभायी।

# प्रदेश स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन




संवाददाता। रांची

झारखंड स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग राज्य स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया. इस प्रतियोगिता में झारखंड के 24 जिले के प्रतिभागी शामिल हुए थें. राज्य स्तर में भाग लेने वाले प्रतिभागी पहले संकुल स्तर, फिर प्रखंड स्तर उसके बाद जिला स्तर प्रतियोगिता में जीत हासिल की. संकूल स्तर पर जीतने वाले को 1000 रुपये, प्रखंड स्तर पर जीतने वाले को 2000 रुपये, जिला स्तर पर जीतने वाले को 5000 रुपये और राज्य स्तर पर जीतने वाले को 10000 रुपये पुरस्कार के तौर पर दिया गया. राज्य स्तर के प्रतियोगिता का आयोजन रांची के जिला स्कूल में किया गया है. भाग लेने वाली रसोइया और सेविका ने स्कूल में देने वाले खानों को बना के प्रदर्शनी के तौर पर लगाया था.

**धरोहर** राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिल चुकी है पहचान लेकिन कक्षाओं की कमी

# संत मिखाईल नेत्रहीन के बच्चे बरामदे में पढ़ने पर मजबूर





संवाददाता। रांची

बहुबाजार स्थित संत मिखाईल नेत्रहीन विद्यालय की शुरुआत पांच बच्चों से हुई थी.ब्रिटिश लेडिज ओक्यूनर ने सन् 1898 में इसकी स्थापना की थी, ताकि नेत्रहीन बच्चे आसानी से पढ़ लिख सकें.सभी नेत्रहीन बच्चों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जाती है. यह स्कूल झारखंड प्रदेश की एक धरोहर है और इसे राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिल चुकी है. संत मिखाईल स्कूल के प्रधानाध्यापक सरिता तलान ने बताया कि वर्तमान में 110 बच्चे पढ़ रहे है.जिसमें 40 लड़कियां और 70 लडके शामिल हैं. सभी वर्ग में 8 अनुपात पर 15 शिक्षक बच्चों को पढ़ा रहे हैं. बच्चों का मनोवैज्ञानिक और शारीरिक रूप से मजबूत बनाने तथा मनोरंजन के लिए 4-5 प्रकार के अलग-अलग झूले बनाये गये हैं, ताकि बच्चे पढ़ाई के साथ साथ झूले का आनंद उठा सके. नेत्रहीन बच्चों को शिक्षित करने के लिए 40 मिनट ब्रेन लिपि से पढ़ाया लिखाया जाता है., जिसमें टीचिंग और नन टीचिंग शिक्षक को रखा गया है. सभी शिक्षक बच्चों को सावधानी पूर्वक और ईमानदारी से पढ़ाते हैं. नेत्रहीन विद्यालय में कक्षा 1से 10 तक की पढ़ाई होती है. सभी बच्चों को जैक बोर्ड द्वारा पढ़ने के लिए सरकार की ओर से छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है. इसके बावजूद इस विद्यालय में कक्षाओं की कमी खटक रही है. इस नेत्रहीन विद्यालय में कुल आठ कमरे हैं. जिनमें एक लाइब्रेरी, स्टाफ रूम, प्रिंसिपल कक्ष है. पांच कमरों में 7,8,9 और 10 के बच्चे पढते हैं. क्लास रूम कम होने के कारण अधिकांश बच्चे को बरामदे में बैठकर पढाने के लिए मजबूर हैं.

### बच्चे सीख रहे संगीत के गुर

पढ़ाई लिखाई के साथ गायन-वादन के क्षेत्र में भी नेत्रहीन बच्चों को मजबूत बनाने के लिए गीत-संगीत का विशेष ट्रेनिंग दी जाती है. राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर होने वाले विभिन्न देशों के नेत्रहीन बच्चो के बीच खेले जाने वाले विभिन्न तरह के मैच क्रिकेट,फुटबॉल ,जैबलिंग में झारखंड के बच्चों का हमेशा दबदबा रहाहै, जिनमें 20-20 क्रिकेट मैच में सुजित मुंडा और गोलू कुमार गुप्ता का नाम शामिल किया जाता है. धीरज कुमार गुप्ता इंडियन आइडल में सेकेंड राउंड में पहुंचे थे.

# ईश्वर की आवाज सुनते हुए चालीसा की यात्रा करें

संवाददाता। रांची



चालीसा काल के पहले रविवार को संत पोप फ्रांसिस ने वेटिकन स्थित संत पेत्रुस महागिरजाघर के प्रांगण में रविवार ने भक्त समुदाय के साथ देवदूत प्रार्थना का पाठ किया. देवदूत प्रार्थना के पूर्व उन्होंने विश्वासियों को संबोधित किया. संत पोप ने कहा कि रविवार को चालीसा का पहला रविवार, सुसमाचार पाठ हमें निर्जन प्रदेश में यीशु की परीक्षा के बारे में बताता है. बाइबल हमें बताती है कि वे चालीस दिनों तक निर्जन प्रदेश में रहे और शैतान ने उनकी परीक्षा ली. संत पापा ने कहा हमें भी चालीसा काल में निर्जन प्रदेश में अर्थात् मौन में, आंतरिक दुनिया में, दिल की बात सुनने, सच्चाई के संपर्क में आने का निमंत्रण दिया जाता है. निर्जन प्रदेश में यीशु बनैले पशुओं के साथ रहे और स्वर्गदूतों ने उनकी सेवा परिचर्या की. वे जंगली जानवर और स्वर्गदूतों की संगति में थे. लेकिन, प्रतीकात्मक रूप से, हमारे साथ भी होता है. वास्तव में जब हम आंतरिक जंगलीपन में प्रवेश करते हैं, तो हम वहां जंगली जानवरों और स्वर्गदूतों को पा सकते हैं. संत पापा ने कहा कि जंगली जानवर, किस अर्थ में? उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक जीवन में हम उन्हें अव्यवस्थित जुनून कह सकते हैं जो हमारे हृदय को विभाजित करते हैं, उस पर कब्ज़ा करने की कोशिश करते हैं. वे हमें लुभाते, आकर्षक लगते हैं, लेकिन अगर हम सावधान नहीं हैं, तो हम उनसे टूट जाने का जोखिम उठाते हैं. हम आत्मा के इन "जानवरों" को ये नाम दे सकते हैं. बुराइयां, धन की लालसा, जो हमें उपेक्षा और असंतोष में कैद करती हैं, व्यर्थ आनंद, जो हमें बेचैनी और अकेलेपन की ओर ले जाती है और प्रसिद्धि की लालसा, जो असुरक्षा और पुष्टि एवं प्रमुखता की निरंतर आवश्यकता को जन्म देती है. वे "जंगली" जानवर हैं. इस तरह उन्हें वश में किया जाना चाहिए और उनसे लड़ना चाहिए. अन्यथा, वे हमारी आज़ादी छीन लेंगे.

